उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2025

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश, **जो एक राज्य के रूप में अपने 75 वर्ष पूरे कर रहा है,** का नाम 1950 में [संयुक्त प्रांत](#) से बदलकर उत्तर प्रदेश कर दिया गया था और यह भारत की राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

- राज्य ने **राजनीतिक और आर्थिक महत्त्व में वृद्धि की है तथा एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था** बनने जैसे महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये हैं।

मुख्य बिंदु

- **उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2025:**
  - **उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2025 का विषय "विकास और विरासत: प्रगति के पथ पर उत्तर प्रदेश (Development and Heritage: Uttar Pradesh on the Path to Progress)" है।**
  - राज्य सरकार **राज्य स्थापना दिवस के** अवसर पर **संगीत, कृषि** और **शिक्षा** के क्षेत्र से छह **व्यक्तियों को 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' पुरस्कार से सम्मानित करेगी।**
- **ऐतिहासिक महत्त्व:**
  - उत्तर प्रदेश, जिसे पहले **संयुक्त प्रांत के नाम से जाना जाता था,** का नाम **24 जनवरी, 1950 को** [भारत के गवर्नर जनरल](#) द्वारा **संयुक्त प्रांत (नाम परिवर्तन) आदेश, 1950 के** माध्यम से बदल दिया गया।
  - **राज्यपाल राम नाईक** के सुझाव के बाद राज्य ने **वर्ष 2018** में 24 जनवरी को [उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस](#) के रूप में मनाना शुरू किया।
- **राजनीतिक महत्त्व:**
  - राज्य से [लोकसभा](#) में **80 सांसद आते हैं,** जिससे राष्ट्रीय राजनीति में इसका काफी प्रभाव है।
  - इसने **नौ प्रधानमंत्री दिये हैं,** जिनमें वर्तमान **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं,** जो संसद में **वाराणसी का प्रतिनिधित्व करते हैं।**
- **आर्थिक आकांक्षाएँ:**
  - **उत्तर प्रदेश अपने BIMARU (आर्थिक रूप से अविकसित) टैग** से आगे बढ़ने और एक **ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था** का दर्जा प्राप्त करने की दिशा में प्रयासरत है।
    - **BIMARU:** बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश
- **ODOP योजना का परिचय:**
  - इस अवसर का उद्देश्य राज्य के विकास और कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई योजनाओं और पहलों को शुरू करना है।
    - स्थानीय उद्योगों और शिल्प को बढ़ावा देने के लिये **वर्ष 2018** में **पहले स्थापना दिवस समारोह** के दौरान **एक ज़िला एक उत्पाद (ODOP) योजना** शुरू की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-foundation-day-2025